# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 29 बैशाख, शक संवत्, 1930

( दिनांक : 19 मई, 2008 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" तथा "ग"**)।

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, लेखा-परीक्षा अधिनियम, 1984 की धारा 8(3) के अन्तर्गत वर्ष 2006-07 का स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं वर्ष 2006-07 का सहकारी समितियाँ एवं पंचायतें लेखा परीक्षा प्रभाग का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) विधेयक, 2008 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2008 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 17 अप्रैल, 2008 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2008 का छठा अधिनियम बन गया।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य विधान सभा, ''जनपद ऊधम सिंह नगर के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूल्हा का उच्चीकरण एवं पद सृजित करने के संबंध में'' श्री लीलाधर जोशी एवं अन्य निवासीगण, कूल्हा, पोस्ट मजरा आनन्द सिंह, जनपद ऊधम सिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य विधान सभा, ''जनपद ऊधम सिंह नगर के ग्राम पंचायत कोपा विकास खण्ड गदरपुर में जूनियर हाईस्कूल की स्थापना के संबंध में'' श्री गोविन्द सिंह एवं अन्य निवासीगण, कोपा कृपाली, पोस्ट गूलरभोज, जनपद ऊधम सिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री गणेश जोशी, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून शहर के बीच चन्दन नगर स्थित चीरघर (पोस्टमार्टम हाउस) को शहर के बाहर अन्यत्र स्थानान्तरित करने के संबंध में" श्री राजकुमार कक्कड़ एवं अन्य निवासीगण, 112 चन्दन नगर, जनपद- देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री गणेश जोशी, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के डांडीपुर क्षेत्र (गुरूद्वारा, मस्जिद के नजदीक एवं आनन्द चौक के कुछ क्षेत्र) में विगत कुछ वर्षो से पानी की समस्या के संबंध में" श्री राजकुमार कक्कड़ एवं अन्य निवासीगण, 112 चन्दन नगर, जनपद- देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत (गाजणा) में जलकूर नदी के खेप नामें को तोक पर (आर0सी0सी0) पैदल झूला पुल निर्माण के संबंध में" श्रीमती पवित्रा देवी एवं अन्य निवासीगण, ग्राम- बागी, पो0- ठाण्डी कमद डुण्डा, जनपद- उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

13. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

14. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

15. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

16. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

17. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2008 जैसा प्रवर समिति द्वारा प्रतिवेदित किया गया पर विचार किया जाय। (2 घंटे)

18. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2008 जैसा प्रवर समिति द्वारा प्रतिवेदित किया गया पारित किया जाय।

19. पंचायती राज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 के पुनः संशोधित रूप पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

20. पंचायती राज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 के पुनः संशोधित रूप में पारित किया जाय।

21. श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-105 के अन्तर्गत दिनांक 14 मार्च, 2008 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी (1 घंटा) :-

"राज्य के विकेन्द्रीकृत विकास में सुधार के लिये राज्य की प्रशासनिक इकाईयों का पुनः परिसीमन कराया जाए।"

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 19 मई, 2008

(महेश चन्द्र)
सचिव।

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 29 बैशाख, शक संवत्, 1930

## ( दिनांक : 19 मई, 2008 )

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>13–03–2008<br>श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>02–05–2008 | ****1. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि सम्पूर्ण प्रदेश के पर्वतीय अंचल में सूखा पड़ने से अस्सी प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है? यदि हाँ, तो सरकार सूखे से निपटने के लिए क्या उपाय कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>02–05–2008 | **2. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पेराई सत्र 07–08 समाप्त होने के उपरान्त सरकार द्वारा की गयी घोषणा के अनुरूप किसानों को गन्ने मूल्य का पूर्ण भुगतान न करने के क्या कारण हैं? वर्तमान में गन्ना मूल्य का कितना बकाया है? इसका भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? | गन्ना विकास |

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 31 (4) के अन्तर्गत चतुर्थ सोमवार हेतु निर्धारित प्राथमिकता प्राप्त**

**तारांकित प्रश्न**

श्री करन मेहरा
07–03–2008

*1. अस्पष्टता एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>22–01–2008 | *1. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश में चोरी–डकैती की वारदातें बढ़ रही हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार वारदातों पर अंकुश लगाये जाने हेतु क्या उपाय कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>23–01–2008 | *2. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में स्थापित उद्योगों में मात्र ऐसेम्बलिंग का कार्य हो रहा है? क्या सरकार द्वारा ऐसे उद्योगों को चिन्हित किया है? यदि हाँ तो तत्सम्बन्धी विवरण क्या है? क्या सरकार इस प्रकार के उद्योगों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी? यदि नहीं तो क्यों? | उद्योग |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>04–02–2008 | *3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2005–06 तथा 2006–07 तथा 2007–2008 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत राज्य का प्रति वर्ष कितना बजट निर्धारित है? क्या स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत निर्धारित बजट का प्रति वर्ष उपयोग किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों तथा इसके क्या कारण हैं? | समाज कल्याण |
| श्री यशपाल आर्य<br>26–02–2008 | *4. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल की मृतप्रायः झीलों के पुनर्जीवीकरण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ तो वे कौन–2 सी झीलें हैं तथा कार्ययोजना का स्वरूप क्या है और कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | आवास |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>05–02–2008 | *5. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 60–पन्तनगर–गदरपुर वि0स0 क्षेत्र उधमसिंहनगर में कितने बिल्डर कार्यरत हैं तथा प्रत्येक बिल्डर के पास कितनी–कितनी भूमि है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बिल्डरों को भूमि आवंटन के समय किन औपचारिकताओं को पूर्ण कराया जाता है तथा शहरी आवास निर्माण के लिए क्या मानक हैं? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>13–03–2008 | *6. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भेषज विकास इकाई उत्तराखण्ड के गठन के पश्चात् प्रदेश में भेषज कृषिकरण के अन्तर्गत कितने कृषकों का पंजीकरण किया गया है? इन कृषकों को कितनी राज सहायता दी गयी है? पंजीकृत कृषकों द्वारा कितना भेषज उत्पादित किया गया व सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री केदार सिंह रावत<br>13–03–2008 | *7. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि उद्यान विभाग के अधीन कार्यरत वर्गीकरण पर्यवेक्षक व वर्गीकरण सहायक के पद शासन द्वारा सीमान्त जनपदों उत्तरकाशी पिथौरागढ़ व चमोली हेतु सृजित किये गये थे? यदि हाँ, तो उक्त कार्मिकों को असीमान्त जनपदों में किसके द्वारा तैनात किया गया है? क्या सरकार इसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>13–03–2008 | *8. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि प्रश्नकर्ता के द्वारा पत्र संख्या–क–519, दिनांक 18–12–2007 के माध्यम से लक्सर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत लो.नि.वि. की राज्य सैक्टर योजना, सन् 2008–09 अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों का प्रस्ताव मुख्य मंत्री को प्रेषित किया गया? क्या यह भी सत्य है कि उक्त निर्माण कार्यों के प्राक्कलन (विस्तृत) विभागीय प्रभारी अधिकारीगण द्वारा शासन को प्रेषित कर दिए गए हैं? यदि हाँ तो क्या सरकार लोकहित में अविलम्ब उक्त का शासनादेश जारी करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>28–02–2008 | 1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लो.नि.वि. अस्थाई खण्ड घनसाली में छतियारा–भलेटी बैण्ड मोटर मार्ग का निर्माण कितने कि.मी. तक हो चुका है? क्या सरकार जनहित में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री केदार सिंह रावत<br>13–03–2008 | 2. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उद्यान विभाग के अन्तर्गत जड़ी बूटी पर्यवेक्षक व वर्गीकरण पर्यवेक्षकों का कार्य समान होते हुए भी वेतन में विसंगति है? क्या सरकार द्वारा उक्त प्रकरण वेतन विसंगति निस्तारण समिति के समक्ष रखा गया है? यदि हाँ, तो सरकार उक्त विसंगति को दूर करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |

# नत्थी–"घ"

कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 16 मई, 2008 की बैठक में दिनांक 19 मई, 2008 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

**दिनांक 19, मई 2008 (सोमवार)**

1. उत्तराखण्ड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2008, जैसा प्रवर समिति द्वारा प्रतिवेदित किया गया है, पर विचार एवं पारण। **(दो घण्टा)**

2. उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 के पुनः संशोधित रूप पर विचार एवं पारण। **(पन्द्रह मिनट)**

3. श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2008 को प्रस्तुत निम्न प्रस्ताव पर चर्चा **(एक घंटा)** :–

   "राज्य के विकेन्द्रीकृत विकास में सुधार के लिये राज्य की प्रशासनिक इकाईयों का पुनः परिसीमन कराया जाए।"